# जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपरोक्त विषयक दिनांक 29.06.2026 को जिलाधिकारी महोदय, मथुरा द्वारा जल जीवन मिशन सम्बन्धी कार्यों तथा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की मासिक समीक्षा की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अभियन्ताओं/फर्म प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री नन्द प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
2. श्री दिनेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मथुरा– (सदस्य सचिव)
3. श्री भूपेन्द्र कुमार सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मथुरा।
4. श्री अशोक ठाकुर, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज–I, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
5. श्री अशोक शर्मा, पी0एम0 पी0एम0 पैकेज–2, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।
6. श्री मोहित सिंह जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मेधज टैक्नो कॉन्सेप्ट, मथुरा।
7. श्री नितेश झा, क्वालिटी इंचार्ज डी0पी0एम0, एन0सी0सी0 – एपको (जे0वी0), मथुरा।

समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या एवं वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद मथुरा में सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, कार्यों की प्रगति रिपोर्ट निम्नानुसार है –

**पैकेज–01 की प्रगति**

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 29.06.2026) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Supply of MS pipes | TARGET | 55.900 KM | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | 52.50 KM | | |
| 2 | Supply of DI pipes | TARGET | 1178 KM | 100% | 81% |
| | | ACHIEVEMENT | 935 KM | | |
| 3 | Sedimentation tank at Palra (23000KL) | TARGET | 1 Nos | 100% | 90% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 4 | Water Treatment Plant( 188.50 MLD) | TARGET | 1 Nos | 100% | 50% |
| | | ACHIEVEMENT | WIP | | |
| 5 | Clear water Reservior & Pump House | TARGET | 8 Nos | 100% | 48% |
| | | ACHIEVEMENT | 8 -WIP | | |
| 6 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Clear Water Rising Mains | TARGET | 1178 KM | 100% | 67% |
| | | ACHIEVEMENT | 765.00 KM | | |
| 7 | Laying , Joiniting , Testing & Road Restoration work for Gravity MS Pipe | TARGET | 55.90 KM | 100% | 44% |
| | | ACHIEVEMENT | 25.00 KM | | |

पैकेज–02 की प्रगति

| S.N. | Activity Name | Duration | QTY | Progress as per timeline (Dated 29.06.2026) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Target | Achievement |
| 1 | Construction of Over Head Tanks along with RTU Room | TARGET | 214 | 100% | 52% |
| | | ACHIEVEMENT (WIP) | 195 | | |
| 2 | Distribution System & Related work . | TARGET | 4566 | 100% | 68% |
| | | ACHIEVEMENT | 3137 | | |

बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश प्रदान किए गए–

- जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में संचालित जल जीवन मिशन की विभिन्न परियोजनाओं पर अपेक्षित धनराशि समय से प्राप्त न होने के कारण कार्यों की प्रगति प्रभावित हो रही है। अतः शासन स्तर पर आवश्यक धनराशि शीघ्र उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी कार्यालय से एक 'डी.ओ. लेटर' प्रेषित कराया जाए, जिससे परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण कराया जा सके।
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल पाइपलाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर कराया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।
- मै0 जी.ए. इन्फ्रा' प्रा0लि0 जयपुर द्वारा अनुरक्षित पुरानी पेयजल योजनाओं पर नियमित क्लोरीनेशन न किए जाने के संबंध में गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित संस्था को कारण बताओ (Show Cause) नोटिस निर्गत किया जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप क्लोरीनेशन सुनिश्चित कराया जाए।
- जनपद में 200 कि.ली. से कम क्षमता की स्थापित की जाने वाली जिंक एलम टंकियों' की गुणवत्ता का तकनीकी परीक्षण कराया जाए। साथ ही उनकी संरचनात्मक क्षमता (Structural Strength) का परीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाए तथा इस संबंध में 'राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन' द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।
- जनपद की पुरानी पेयजल योजनाओं के संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाए तथा इन योजनाओं का अद्यतन विवरण पंचायत राज विभाग को उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनके संचालन एवं अनुरक्षण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

अन्त में निर्देश दिए गये कि दोनों पैकेजों में निर्माणाधीन कार्यों पर समानान्तर कार्य करते हुए श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रगति बढ़ा ली जाए।

अनुमोदित

(नन्द प्रकाश मौर्य)
नमामिगंगे ग्रामीण एवं जलापूर्ति विभाग,
मथुरा

अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
मथुरा।

पत्रांक 696 / जल जीवन मिशन/ 164 दिनांक 30-7-2026

**प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय मथुरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय मथुरा।
3. अपर जिलाधिकारी महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, मथुरा।
4. मुख्य अभियन्ता(आ0क्षे0) / अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय / अधिशासी अभियन्ता (वि0यॉ0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।

**प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

5. जिला पंचायतराज अधिकारी, मथुरा को इस आशय से प्रेषित कि बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करें।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इन्जीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रोजेक्ट मैंनेजर, मै0 एन0सी0–एपको (जे0वी0) (पैकेज–। एवं ।।), मथुरा को इस निर्देश के साथ कि अनुपालन आख्या 03 दिवस में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।
8. डी0पी0एम0 मै0 फिचनर कन्सलटिंग इन्जीनियर्स (टी0पी0आई0), आगरा कलस्टर, मथुरा / जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 (मेधज टैक्नॉ, प्रा0लि0) मथुरा / जनपद मथुरा में कार्यरत आई0एस0ए0 संस्थाएं।

अधिशासी अभियन्ता